नवभारत

# मरीजों के लिए एंबुलेंस भेंट दी

**पुणे,** (सं) ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ सेवा में सुधार लाने के लिए क्विक हील की सीएसआर संस्था क्विक हील फाउंडेशन की ओर से अधिकारियों को दो अत्याधुनिक एंबुलेंस प्रदान किए गये. फाउंडेशन की प्रमुख अनुपमा काटकर, वाशिम के जिलाधिकारी शण्मुगराजन एस, जिला परिषद सीईओ वासुमाना पंत,असिस्टेंट कलेक्टर कुलदीप जंगम और सीएसआर प्रमुख अजय शिर्के कार्यक्रम में उपस्थित थे.सुधार की अत्यंत आवश्यकता रखने वाले वाशिम जिले के दुर्गम इलाकों में हॉस्पिटल में ले जाने के लिए एंबुलेंस न होने पर मरीजों को जीप अथवा रिक्शा जैसे निजी वाहनों का उपयोग करना पडता है.

Pune Edition
14-august-2021 Page No. 5
epaper.enavabharat.com